# गोफ्रुगल के 'ईजी सूट' सॉफ्टवेयर लांच

संवाददाता द्वारा

**मुंबई.** विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों के लिए आधुनिकतम सॉफ्टवेयर विकसित करने वाली अग्रणी आईटी कंपनी गोफ्रुगल टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड ने 'रिटेल इजी, सर्व ईजी और मैनेज इजी' सहित 'ईजी सूट' उत्पादों के लांचिंग की घोषणा की है. ये नए सॉफ्टवेयर रिटेल, रेस्तरां तथा वितरण व्यवसाय की कार्यक्षमता और ग्रोथ बढ़ाने में काफी उपयोगी साबित होने की उम्मीद है. 'ईजी सूट' सॉफ्टवेयर रेंज को गोफ्रुगल टेक्नोलॉजी के सीईओ कुमार वेंबू ने चेन्नई में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रेस कान्फ्रेन्स में लांच किया. इस मौके पर रिटेल उद्योग की राष्ट्रीय संस्था रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ कुमार राजगोपालन भी उपस्थित थे. 14 साल पूर्व स्थापित गोफ्रुगल का कारोबार आज 60 से अधिक देशों में फैला हुआ है.




## प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने टेक्नोलॉजी जरूरी

गोफ्रुगल टेक्नोलॉजी के सीईओ कुमार वेंबू ने कहा कि आज हर उद्योग-व्यापार क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा का माहौल है. इस स्थिति में व्यवसाय के समक्ष विभिन्न तरह की चुनौतियां आ रही है. प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने और कारोबार वृद्धि के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है. किसी भी व्यवसाय को प्रगति करने के लिए अपने सप्लायर्स और कस्टमर्स के साथ कनेक्ट रहने के लिए सॉफ्टवेयर अहम होते है. विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रख गोफ्रुगल ने 'ईजी सूट' सॉफ्टवेयर विकसित किए हैं, जो कारोबार प्रगति में उपयोगी साबित होंगे.

### रिटेल, रेस्तरां, वितरण क्षेत्र के लिए उपयोगी

उन्होंने कहा कि आज देश में करीब 14 मिलियन खुदरा व्यापारियों द्वारा 700 बिलियन डॉलर के व्यवसाय की उम्मीद है. इसमें लघु एवं मझौले उद्योगों (एसएमएसई) का बड़ा योगदान है. आज यही खुदरा व्यवसाय मार्केट में हलचल मचाने को तैयार है. ऐसे में इस व्यवसाय को और आधुनिक और सुसंगठित बनाने के लिए गोफ्रुगल एक अहम कड़ी साबित हो सकती है. इसी तरह के हालात इस समय रेस्तरां उद्योग में भी है. पारंपरिक रेस्तरां का स्वरूप बदलकर आज क्लाउड किचन और ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म में परिवर्तित होने जा रहा है. ऐसे में रेस्तरां के व्यवसाय में भी तेजी से सफल होने में गोफ्रुगल के सॉफ्टवेयर अहम साबित होंगे. इस प्रेस वार्ता में विभिन्न राज्यों से आए ऐसे व्यवसायी भी उपस्थित थे, जिन्होंने गोफ्रुगल के सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए अपने व्यवसायों में तेजी से प्रगति की है.